हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


12 विद्या और धैर्य से मिलती है सफलता : पूर्व कुलपति





14 ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ ...






## खबर संक्षेप



### बोरवेल के दूषित पानी से 18 लोग हुए बीमार

**भाटापारा।** ग्राम बेंदरी में महामाया चौक के पास एक गली मे बोर का पानी दूषित होने की वजह से उल्टी दस्त की शिकायत पर गांव मे स्वास्थ्य विभाग का अमला पहुंचा और पीडित 13 लोगो का समुचित उपचार किया गया सभी लोगो से उक्त बोर का पानी का उपयोग नही करने को कहा और बोर को बंद कराया गया। पीड़ित सभी लोगो का उपचार के पश्चात सिविल अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ,वहीं एक अन्य ग्राम धौराभांठा मे भी पांच केस इसी तरह के मिले जहां कि तीन लोगों का उपचार निजि अस्पताल एवं दो लोगो को सिविल अस्पताल मे भरती कराया गया जहाँ सभी की स्थिति सामान्य है उक्त दोनो गांवो मे क्लोरीन टेबलेट के अलावा सभी बोर पंप के पानी को उबालकर पीने की सलाह दी गई है उक्त दोनों ग्रामों में सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ राजेन्द्र महेश्वरी, सेक्टर प्रभारी आलोक तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला इस दौरान मौजूद रहा।

### समय पर स्कूल नहीं पहुंचे 10 शिक्षक, डीईओ ने जारी किया नोटिस



**भटगांव।** जिले की बात करे तो शिक्षा स्तर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में बेहतर नहीं माना जाता है यहां की स्तर डाउनफॉल पर है ऐसा हम इसलिए कह रहे क्योंकि यहां विगत कुछ सालों से शिक्षा विभाग खूब सुर्खियों में रहा और आज भी सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही जारी है। ऐसा ही एक मामला निकल कर सामने आया है बिलाईगढ़ विकास खंड से जहां समय में शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच रहे आपको बता दें शासकीय उच्चतर माध्यमिक जोरा स्कूल में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया ने स्कूल खुलने के समय पर निरीक्षण करने 18 तारिक को पहुंचे थे जहां लगभग 10 शिक्षक ऐसे थे जो प्राथना के वक्त तक नहीं पहुंचे थे जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी ने लापरवाह शिक्षकों को नोटिस थामाया है समय पर स्कूल नहीं पहुंचना प्रशासनिक कसावट की कमी दर्शाया है जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा फिलहाल सभी शिक्षकों से 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा है । जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया शिक्षा विभाग में चल रहे लापरवाही पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है पहिलहल नया जिला शिक्षा अधिकारी के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में शिक्षा स्तर पर सुधार ▸▸ शेष पेज 13 पर

## चखना सेंटर, ढाबा और ठेले में अवैध शराब सेवन की सुविधा दे रहे थे आरोपी

# अभियान : नशे के सौदागर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है।

इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18.07.2025 को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध



### आरोपियों के नाम

1. प्रदीप बांधे (24) निवासी ग्राम रसेडा थाना सिटी कोतवाली
2. खोलबहरा साहू (60) निवासी ग्राम सेल थाना कसडोल
3. अजय पाटले (36) निवासी ग्राम कटगी थाना कसडोल
4. अजय यादव (30) निवासी ग्राम कलमीडीह थाना कसडोल
5. अविनाश कौशिक (28) निवासी ग्राम भद्रा थाना कसडोल
6. दाउराम साहू (24) निवासी ग्राम मोपका थाना भाटापारा ग्रामीण
7. शिवराज नेताम (20)निवासी ग्राम पथरिया थाना भाटापारा ग्रामीण

### बलौदाबाजार में समाधान सेल ने अवैध शराब बिक्री का किया भंडाफोड़




**बलौदाबाजार ।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आम जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने हेतु जिले में स्थापित समाधान सेल ने अवैध शराब बिक्री के एक बड़े मामले का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। 19 जुलाई को समाधान सेल को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने रिसदा रोड, ग्राम ढाबाडीह एवं बलौदाबाजार में विशेष छापामारी कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।
आरोपियों के पास से 12,400 कीमत मूल्य का 124 पाव देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 150 जप्त किया गया है। आरोप विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस ▸▸ शेष पेज 13 पर

## पांच लाख की 106 पेटी नकली शराब ग्राम चौरेंगा में बरामद

**सिमगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरेंगा जहां अवैध व नकली शराब बनाने का बड़ा हब बन गया है वहाँ आबकारी विभाग की टीम ने तीन दिन के भीतर दो बड़ी कार्यवाही कर नकली शराब का जखीरा पकड़ा है। वहीं आज टीम को 106 पेटी नकली शराब पकड़ने में बड़ी कामयाबी मिली है।

- तीन दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई, आबकारी विभाग ने पकड़ी 5 लाख की अवैध मदिरा

मिली जानकारी के अनुसार आबकारी आयुक्त श्याम धावडे के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश



अग्रवाल जिला बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में आज शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम चौरेंगा निवासी चूरन वर्मा पिता बिसौहा वर्मा 45 वर्ष जाति- कुर्मी, निवासी चौरेंगा थाना-सिमगा जिला-बलौदाबाजार भाटापारा के कोठार (बाडी) में कमरा की तलाशी ली गई 1 तलाशी के दौरान आरोपी के कोठार (बाडी) के कमरा में 106 पेटियो (प्रत्येक में 48) कुल 5088 पावो में 508800 रुपए कीमत की कुल 915.84 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड देसी मसाला मदिरा जप्त की गई 1 आरोपी द्वारा भारी मात्रा में शराब संधारण करने के लिए आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59 (क) और 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर ▸▸ शेष पेज 13 पर

### इनका रहा विशेष योगदान

उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, सिमगा सर्किल प्रभारी मनराखन नेताम, भाटापारा सर्किल प्रभारी दिनेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, वाहन चालक ओमप्रकाश धीवर और रजत कुमार की आबकारी टीम बलौदाबाजार-भाटापारा का विशेष योगदान रहा।

## जमीनी विवाद पर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी




थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोईरडीह में 17 जुलाई की सुबह एक सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई, जिसने पूरे गांव को दहला दिया। पुराने खेत विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक की हत्या कर दी। लेकिन घटना के महज 8 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह और एसडीओपी कसडोल कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम में प्रधान आरक्षक मनोज वर्मा और आरक्षक कमल कोशले की सक्रिय भूमिका रही। जानकारी के अनुसार, ग्राम बोईरडीह निवासी तोरण कुर्रे (40 वर्ष) और मृतक राजू यादव (41 वर्ष) के बीच बीते पांच वर्षों से खेत विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही थी। बताया जाता है कि इन वर्षों में दोनों के बीच 4-5 बार झगड़ा हुआ था, जिसमें आरोपी हमेशा कमजोर पड़ता था और मार खा जाता था। इस अपमान को वह दिल में पाले हुए था। 17 जुलाई की सुबह आरोपी शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा।



- पुरानी रंजिश के चलते की गई हत्या, पुलिस का बड़ा खुलासा

इसके बाद वह अपने घर से एक भालानुमा लोहे की रॉड लेकर आया और दोपहर लगभग 12 बजे समोदा नहर पार खड़े राजू यादव पर पीछे से वार कर दिया। सिर में जोरदार चोट लगने से राजू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर थाना पलारी में मर्ग क्रमांक 103/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के बयान, पंचनामा और संदेही से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी तोरण कुर्रे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसके खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है।

### लोगों ने की पुलिस की सराहना

इस गंभीर वारदात के खुलासे और त्वरित कार्यवाही को लेकर गांव के लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है। थाना प्रभारी हेमंत पटेल और उनकी टीम की तत्परता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क और सक्षम है।

## माइक्रोसॉफ्ट का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी, जवान की पत्नी बनी शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गिरवानी निवासी धनेश्वरी रात्रे को मल्टी मिलियन डॉलर प्रोजेक्ट और माइक्रोसॉफ्ट का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 6 लोगों ने मिलकर 6 लाख रुपये की ठगी कर ली। महिला के पति गुलशन कुमार रात्रे भारतीय सेना में पदस्थ हैं। उनके एक सहकर्मी सुरेंद्र कुर्रे ने परिचय के बाद उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का झांसा दिया और पत्नी के नाम से निवेश कराने की सलाह दी। सुरेंद्र कुर्रे और उसके साथियों ने पीड़िता को अलग-अलग खातों और फोन पे नंबरों पर पैसे ट्रांसफर करवाए। कुल छह ट्रांजैक्शनों के माध्यम से 6 लाख ठग लिए गए। पैसे लेने के बाद न तो कोई प्रोजेक्ट शुरू हुआ और न ही माइक्रोसॉफ्ट का कोई लाइसेंस मिला। ठगी की शंका होने पर पीड़ितों ने जब रकम वापस मांगी तो उन्हें केवल टालमटोल किया गया।

- 6 आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज




### पैसे का हिसाब - कहां और कितने गए?

धनेश्वरी रात्रे के पति ने आरोपी सुरेंद्र कुर्रे के कहने पर अलग-अलग खातों में रकम भेजी। राजू साहू के फोन पे नंबर पर 5,000 और 95,000, कुंदन कुर्रे के खात/span > 1,55,000, लोकेश कश्यप को 1,00,000, फिर राजू साहू को 1,00,000 और ईश्वरी साहू को 1,00,000 ट्रांसफर किए गए। सभी लेन-देन योनो एसबीआई और फोन-पे के जरिए किए गए थे। ठगी की यह पूरी प्रक्रिया मार्च 2023 के भीतर हुई थी।

**ठगों के खिलाफ सख्त धाराओं में अपराध दर्जः** पीड़िता की शिकायत पर भटगांव थाना पुलिस ने सुरेंद्र कुर्रे (मुंगेली), राजू साहू (सरकंडा-बिलासपुर), दिलीप कश्यप, लोकेश कश्यप, ईश्वरी साहू और कुंदन के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी) और 34 (साझा आपराधिक कृत्य) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और अन्य पीड़ितों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### मामले की जांच है जारी

माईक्रोसाप्ट का लाईसेंस दिलाने के नाम पर 6 लाख ठगी का मामला आया है। शिकायत कर्ता के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए ठगी करने वालो के ऊपर मामाला पंजीबद्ध किया गया है जांच जारी है।

**- राजेश चंद्रवंशी,** थाना प्रभारी भटगांव

### वटगन व भवानीपुर पंचायत भवन में विशेष शिविर आयोजित

# किसानों को मिली फसल सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

ग्राम पंचायत वटगन एवं भवानीपुर के पंचायत भवन में विशेष शिविर लगाकर किसानों को फसल एवं उनके सुरक्षा के बारे मे जानकारी दिया गया जिसमें विशिष्ट कृषि विकास अधिकारी बी पी जावरिया कृषि विस्तार अधिकारी सत्य भुवन सिंह, बलराम कुमार राठौर के द्वारा किसानों को खेतों में होने वाले फसल की जानकारी दिया गया ।

- अधिकारियों ने दी खरीफ फसल, बीज व कीटनाशक के उपयोग की जानकारी

इस अवसर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पैकरा ने कहां की विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगायी हो तथा प्रदेश की



सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें, धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर ग्यारह हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल कोदो, कुटकी एवं रागी एवं कपास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर दस हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा जिसके लिए सभी किसानों को अपने खेतों के मेड भररी बाड़ी इत्यादि मे भी अलग से फसल लगाकर इसका अधिक मुनाफा कमा सकते हैं सभी ग्रामों में सरकार द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर फसल सुरक्षा हेतु शिविर लगाकर विशेष जानकारी एवं खाद बीज एवं विभिन्न प्रकार के कीट नाशक दवाइयां का उपयोग एवं बीज वितरण भी किया जा रहा है ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच प्रेमिन लहरे जनपद सदस्य अनुसूया चंद्राकर, पलारी जनपद सदस्य उमेश यदु, उपसरपंच फागू राम सेन, द्वारका चंद्राकर, घनश्याम साहू, मदन लाल साहू, घनश्याम साहू, गोपाल जांगड़े, भूपेंद्र साहू, लखन लाल ध्रुव, चंदन सिंह मारखंडा, तुलसी ध्रुव, जगदीश लहरे, केजऊवा निषाद, फिल्म राम, खेलन राम, चंद्रिका साहू, मधु शंकर, चंद्राकर सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 70679 79318, 70241 25200

## खबर संक्षेप



### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

**पलारी।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पलारी में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर आम और नीम जैसे फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रदेश साहू संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू, मीडिया प्रभारी केशव साहू, सह-सचिव पनमेश्वर साहू, पूर्व पार्षद राजेंद्र साहू, खोमेश साहू, महेंद्र साहू सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण था, बल्कि माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करना भी रहा। वृक्षारोपण के दौरान सभी ने पौधों की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। धन्नू साहू ने क्या कहा आज माँ के नाम पर पेड़ लगाकर हमने न केवल पर्यावरण की रक्षा का बीड़ा उठाया है, बल्कि भावनात्मक रूप से भी एक प्रेरणादायी पहल की है। हर व्यक्ति यदि अपने जीवन में एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाए और उसकी सेवा करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित वातावरण मिलेगा। यह अभियान सिर्फ पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संस्कार और संकल्प है जिसे हमें निभाना है।

### एबीवीपी वटगन इकाई की कार्यकारिणी हुई घोषित



**पलारी।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई वटगन का नवीन कार्यकारिणी घोषणा प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला संयोजिका फाल्गुनी सोनी के नेतृत्व में एबीवीपी पूर्व नगर अध्यक्ष पलारी रवि श्रीवास्तव ने वटगन ईकाई के घोषणा किया। जिसमें नगर अध्यक्ष धनेश्वरी तेरहवंस, नगर मंत्री सतीश घृतलहरे, नगर सहमंत्री पुष्पा रात्रे, भूमिका, महाविद्यालय अध्यक्ष गुलशन साहू, कला एवं सांस्कृतिक प्रमुख आंचल वर्मा, क्रीड़ा एवं खेल प्रमुख कमलेश प्रजापति, व्यवस्था प्रमुख सुखसागर साहू, मीडिया प्रभारी रविंद्र पटेल को बनाया गया। इस अवसर पर एबीवीपी पूर्व कार्यकर्ता एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष वटगन उमेश यदु, एबीवीपी पूर्व नगर अध्यक्ष वटगन कुणाल सेन, एबीवीपी पूर्व महाविद्यालय अध्यक्ष रोहित साहू, याचना पटेल, नीरज पटेल, खुशबू, शिवा कन्नौजे, पूजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। फोटो,,एबीव्हीपी कार्यकारी की हुई घोषणा।

### बच्चों को दी गई सर्पदंश व बिच्छू दंश से बचाव की शिक्षा



**खरोरा।** मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को सर्प ने काट लिया है तो सर्प दंश के जहर से बचाने के लिए हमें उस व्यक्ति को शांत रखने का प्रयास करना चाहिए, उसे चलने फिरने से रोकना चाहिए। घबराना नहीं चाहिए क्योंकि शरीर के हिलने से जहर तेजी से फैलता है, हमें कांटे हुए घाव को एंटीसेप्टिक लोशन से साफ करना चाहिए। साबुन या बर्फ का बिल्कुल उपयोग नहीं करना चाहिए। बैगा, फुकझड़ से बचना चाहिए। जितना जल्दी हो सके नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इसी प्रकार बिच्छू ने यदि किसी को दंश मार दिया तो हमें बिच्छू के जहर से बचाने के लिए दंश मरे गए स्थान को साबुन और पानी से धोना चाहिए और तुरन्त पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

# हायर लर्निंग सत्र में प्रो डॉ कुमार राजेश ने बच्चों को दी जीवन संवारने की सीख

## मीडिया के दिग्गज ने बच्चों को आत्मविश्वास, संवाद और नेतृत्व के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए हायर लर्निंग कक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय मीडिया जगत की प्रतिष्ठित और अनुभवी शख्सियत प्रो. डॉ. कुमार राजेश ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। वह पत्रकारिता के क्षेत्र में तीन दशकों से सक्रिय हैं और अपने समृद्ध अनुभव, गहरी अंतर्दृष्टि तथा प्रेरक व्यक्तित्व के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं।

उन्होंने अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत 1992 में भारत की पहली वीडियो पत्रिका न्यूज़ट्रैक से की और 1995 में दूरदर्शन पर आज तक कार्यक्रम की स्थापना टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनडीटीवी, इंडिया टीवी और एबीपी नेटवर्क जैसे देश के प्रमुख मीडिया संस्थानों में उन्होंने वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है।

डॉ. कुमार राजेश के अनुभव उनके शब्दों की गहराई और जीवन के प्रति उनके दृष्टिकोण ने बच्चों पर गहरा प्रभाव डाला। विद्यार्थियों ने न केवल मीडिया जगत की वास्तविकताओं को समझा, बल्कि यह भी जाना कि कैसे अध्ययन, चिंतन और निरंतर प्रयास से कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने बच्चों को खूब पढ़ने, सोचने, और अपने भीतर के कौशलों को पहचानने की प्रेरणा दी।

### वास्तविक शिक्षा वह है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाए

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि केवल पढ़ाई में अच्छे अंक लाना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है, बल्कि वास्तविक शिक्षा वह है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाए। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे हर कार्य में सक्रिय रूप से भाग लें चाहे वह मंच पर बोलना हो, किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना हो या टीम में मिलकर काम करना क्योंकि ऐसे अवसरों से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।



### कठिन परिस्थितियाँ ही व्यक्ति को मजबूत बनाती है

हाल ही में वे सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन मूल्यों पर आधारित साप्ताहिक कार्यक्रम 'क्या बात है' का संचालन कर चुके हैं, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। हायर लर्निंग सत्र के दौरान डॉ. कुमार राजेश ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए जीवन के विविध अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जीवन में चुनौतियाँ बार-बार आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ता है, वही सच्चे अर्थों में सफल होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि कठिन परिस्थितियाँ ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और हर अनुभव चाहे वह अच्छा हो या कठिन, सीखने का एक अवसर होता है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने की जांच और निलंबन की मांग

# जिले के युक्तियुक्तकरण में भारी अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर दीपक सोनी से तत्काल जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश यदू, कालिद्री वर्मा, विक्रम पटेल, समीर अग्रवाल, राजा तिवारी, आर्यन शुक्ला तरुण, खटकर ,प्रवीण सेन के साथ आज कलेक्टर से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण में स्थानांतरित जिला शिक्षा अधिकारी पर मनमानी और धांधली का आरोप लगाया है।

जिलाध्यक्ष ने पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती को स्थानांतरण को गलत ठहराते हुए निलंबित करने की मांग की। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने दावा किया है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिससे शिक्षकों और छात्रों दोनों को परेशानी हो रही है। उनके अनुसार, यह प्रक्रिया न केवल अपारदर्शी रही है, बल्कि इसमें मनमानी स्थानांतरण और पदस्थापनाएं भी की गई हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।



### कमेटी ने मामले की लिखित जानकारी कलेक्टर को सौंपी

आंकड़ों में धांधली की आशंका हालांकि अभी तक जिला प्रशासन द्वारा आधिकारिक सूची के आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन जिला कांग्रेस कमेटी ने गंभीर मामले की लिखित जानकारी कलेक्टर को सौंपी हैं। उनके अनुसार, प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि लगभग 30-40% युक्तियुक्तकरण पदस्थापनाएं त्रुटिपूर्ण हो सकती हैं। इसमें ऐसे मामले शामिल हैं जहाँ कम छात्र संख्या वाले स्कूलों में अधिक शिक्षक कई ऐसे स्कूल हैं जहाँ छात्रों की संख्या कम है, फिर भी वहाँ आवश्यकता से अधिक शिक्षकों को पदस्थ कर दिया गया है, जिससे शिक्षकों का दुरुपयोग हो रहा है।

### शिक्षा की गुणवत्ता हो रही प्रभावित

अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में शिक्षकों की कमी वहीं, दूसरी ओर अधिक छात्रों वाले स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी कई दुर्गम और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या में कमी की गई है, जिससे वहां के छात्रों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। अनियमित स्थानांतरण कुछ शिक्षकों का स्थानांतरण बिना किसी तर्कसंगत कारण के दूरदराज के स्थानों पर कर दिया गया, जबकि कुछ अन्य को उनके गृह नगर के पास ही पदस्थापना मिल गई। जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक स्थानांतरित जिला शिक्षा अधिकारी को निलंबित करने सरकार को जानकारी दी जाए ताकि जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और यदि अनियमितताएँ पाई जाती हैं तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### कांग्रेस के आरोपों के मुख्य बिंदु

नियमों की अनदेखी - युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और दिशानिर्देशों का खुला उल्लंघन किया गया है। पारदर्शिता का अभाव - स्थानांतरण और पदस्थापना सूचियों को सार्वजनिक करने में अनियमितता बरती गई, जिससे संदेह पैदा हुआ। राजनीतिक हस्तक्षेप- आरोप है कि कुछ शिक्षकों को भाजपा नेताओं के दबाव के कारण मनचाही जगह पर पदस्थापित किया गया, जबकि जरूरतमंद और दुर्गम क्षेत्रों में काम कर रहे शिक्षकों की अनदेखी की गई। रिक्त पदों की अनदेखी - कई विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की संख्या कम या अधिक कर दी गई, जिससे कहीं तो शिक्षकों की कमी हो गई और कहीं वे आवश्यकता से अधिक हो गए। शिकायतों की अनदेखी- युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# युवाओं के कौशल को मंच देने मनाया जाएगा कौशल तिहार

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा युवाओं के कौशल क़ो मंच व पहचान देने तथा कौशल विकास के प्रति जागरूकता लाने हेतु जिला स्तरीय कौशल तिहार 2025 क़ा आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन 21 से 23 जुलाई 2025 तक होग़ा। इसके तहत कौशल विकास प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागी क़ो ऑनलाइन पंजीयन 20 जुलाई 2025 तक कराना होग़ा।जिला कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी श्यामा पटेल ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित और प्रशिक्षणरत युवाओं के लिए है जिसमें विजेताओं क़ो इण्डिया स्कील 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता दो चरणों में जिला एवं राज्य स्तर पर होगी। जिला स्तरीय 21 से 23 जुलाई एवं राज्य स्तरीय 28 से 30 जुलाई 2025 तक । प्रतियोगिता में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, जल वितरक संचालक, प्लम्बर जनरल असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर ट्रेड क़ो शामिल किया गया है। प्रतिभागी वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण पूर्ण या प्रशिक्षणरत हों तथा आयु 22 से 45 वर्ष होना चाहिए। प्रत्येक ट्रेड व आयु वर्ग से 2 विजेता चुने जाएंगे जिन्हे मैडल व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जिला स्तरीय विजेताओं क़ो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

■ कौशल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन 20 तक

# मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पलारी की पंचायतों का किया संवेदीकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में बरसात की शुरुआत से ही मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी-दस्त, मलेरिया, टाइफाइड पीलिया, हैजा, डेंगू के साथ-साथ सर्पदंश से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला संपर्क केंद्र के माध्यम से पलारी विकासखंड के सभी 100 ग्राम पंचायतों को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर उपस्थित सरपंच, पंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए उनसे संवाद स्थापित किया गया।

संपर्क केंद्र के माध्यम से जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. नवदीप बाँधे ने बताया कि इस बरसात के मौसम में मुख्य रूप से उल्टी दस्त की शिकायत ज्यादा दिखाई पड़ती है जो प्रायः दूषित जल के सेवन से होती है ।

दूषित पानी से पीलिया ,हैजा भी होता है। ऐसे ही बारिश का पानी एक जगह इकट्ठा होने और साफ सफाई के अभाव की स्थिति में मच्छर पनपते हैं जिससे मलेरिया डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। तेज़ बुखार की स्थिति दोनों ही मच्छर जनित रोग में होती है इसमें भी उपचार न मिलने पर जान जा सकती है। साफ-सफाई से स्रोत का नियंत्रण और मच्छरदानी का उपयोग इसके बचाव के किये काफी कारगर रहता है।

### संपर्क केंद्र के माध्यम से सरपंच सचिवों से किया गया संवाद

नोडल अधिकारी ने पंचायतों से उपस्थित प्रतिनिधियों से उनके ग्राम की उक्त रोगों के किसी प्रकरण की जानकारी भी ली जिसमें सभी ने बताया कि आज की तिथि तक ऐसे कोई प्रकरण नहीं हैं। इसके अलावा इस मौसम में सर्पदंश की भी शिकायत मिलती है। सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक कर के समय नहीं व्यर्थ करना चाहिए इससे विष शरीर में तेज़ी से फैलता है और ख़तरा बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में कुत्ते काटने के केस भी दिखते हैं। सर्प और कुत्ते दोनों के काटने की स्थिति में तत्काल अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी गई। साथ ही सभी को अपने आस- पास सफाई रखने, साफ जल और ताज़ा भोजन करने की सलाह दी गई ।

# विद्या और धैर्य से मिलती है सफलता : पूर्व कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी





महर्षि पाणिनि वैदिक संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति मिथिला प्रसाद त्रिपाठी भगवान शिवरीनारायण का दर्शन करने के लिए शिवरीनारायण पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान का दर्शन पूजन करके खरौद पहुंचकर भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव का भी दर्शन पूजन किया। इस बीच महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय शिवरीनारायण में उनके सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के द्वारा उनका सम्मान शाल, श्रीफल भेंट करके किया।

■ विद्यार्थियों को दिए जीवन प्रबंधन व संस्कारों के सूत्र

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने उन्हें अपनी रचनाएं राम संस्कृति की झलक, सुखद -सफल जीवन सूत्रम्‌ तथा स्मृति ग्रंथ दूधाधारी मठ एक परिचय भेंट किया। विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए पूर्व कुलपति ने कहा कि- शनैः पन्था शनैः कन्था शनैः पर्वत लङ्घनम्। अर्थात जीवन में रास्ते धीरे-धीरे तय होते हैं, शास्त्र धीरे-धीरे याद होता है, पर्वत धीरे-धीरे लांघ लिए जाते हैं। विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति में धैर्य एवं लगन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में प्रत्येक विषयों का अलग-अलग महत्व है चाहे वह गणित हो, इतिहास हो, अर्थशास्त्र हो या ललित कला ही क्यों ना हो सभी हमारे जीवन को आनंदित करने वाले हैं। जो शब्द को जान गया वह वाक्य को जान जायेगा। जो वाक्य को जान गया वह उसके अभिप्राय को भी जान जाएंगे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित राम किशोर मिश्र पूर्व विभागाध्यक्ष वेद, शासकीय दूधाधारी राजेश्री महन्त वैष्णव दास संस्कृत महाविद्यालय रायपुर ने विद्यार्थियों का लक्षण बताते हुए कहा कि - काकचेष्ठा बको ध्यानम् श्वान निद्रा तथैव च अल्पहारी,गृहत्यागी। विद्यार्थी पंच लक्षणम्। उन्होंने विद्यार्थियों के पांच लक्षणों की विस्तृत व्याख्या की और यह भी कहा कि आधुनिक युग में विद्यार्थी दूसरों के माता-पिता का पैर छूते हैं, उनका सम्मान करते हैं लेकिन अपने माता-पिता के सम्मान के समय रूखा व्यवहार करते हैं। इसके पूर्व महामंडलेश्वर राजेश्री महंत महाराज ने महाविद्यालय की स्थापना काल की चर्चा करते हुए बताया कि इस विद्यालय का शुभारंभ 26 छात्र-छात्राओं से हुआ था जो आज विशाल वृक्ष के रूप में हम सबके सामने हैं। उन्होंने पूर्व कुलपति एवं मिश्र को शिवरीनारायण पधारने के लिए धन्यवाद एवं बधाई दी तथा महाविद्यालय आगमन के लिए आभार माना।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम का विधिवत संचालन योगेश शर्मा ने किया तथा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त की। इस अवसर पर विशेष रूप से बृजेश केसरवानी, निरंजन लाल अग्रवाल, भागवत कथा वाचिका सविता मिश्रा, सुबोध शुक्ला, उदयराम केंवट, सुखराम दास, प्राचार्य पटेल, कश्यप एवं मिडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण तथा विद्यालय परिवार के सभी लोग उपस्थित थे।

### ओडिशा ब्रांड की शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बेलडीही बोइरलामी जाने कच्ची मार्ग आम बगीचा के पास तेंदूकोना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा ब्रांड की शराब को जब्त किया है। मामले में आरोपी घनाराम नायक पिता छेदीलाल नायक (52 वर्ष) निवासी वार्ड नं 06 लिलेसर चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना के कब्जे से 100 नग पाउच चिड़ी छाप शराब ओडिशा राज्या निर्मित, कीमत करीबन 4000 रुपए और बिक्री रकम 150 रुपए कुल रकम 4150 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी करार, उपभोक्ता आयोग का आदेश 1.40 लाख रु की दें क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कम्पनी द्वारा एक्सीडेंटल कवर की बीमा क्षति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा क्षति की राशि 125,000 तथा अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

आवेदक बोधराम टंडन ने एक्सिस बैंक बलौदाबाजार के माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा हेतु एक्सीडेंटल इंश्योरेंस प्रीमियम राशि देकर प्राप्त किया जिसमें बीमा पॉलिसी के अंतर्गत आवेदक उसकी पत्नी एवं उसके तीनो पुत्र को रिस्क कवर प्राप्त था। मोटर दुर्घटना से आवेदक एवं उसके पुत्र को क्षति हुई जिसके क्लेम राशि प्राप्त किये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित बैंक के माध्यम से बीमा कम्पनी को जमा किया गया परंतु बीमा कंपनी के द्वारा आवेदक के पुत्र के वयस्क होने पर बीमा पॉलिसी का रिस्क समाप्त हो जाता है एवं विकलांगता प्रमाण पत्र की विश्वसनीयता संदेहास्पद होने का कथन करते हुए दावा निरस्त कर दिया गया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत चावला एवं शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं बीमा पॉलिसी के नियमों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि वयस्क हो जाने एवं आश्रित न होने से क्षति प्राप्त करने का पात्र न होने बाबत किसी भी प्रकार की नियम एवं शर्त बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड इंदौर को बीमा क्षति की राशि 1,25,000 एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10,000 एवं वाद व्यय के रूप में 5,000- रुपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

■ आयोग ने पाया बीमा कंपनी का तर्क तर्कहीन, दावा खारिज करना अनुचित सेवा की श्रेणी में

## कई रोगों का इलाज; योग और रोग प्रतिरोधक काढ़ा भी वितरित

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 482 लोगों को मिला चिकित्सा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर मेला का प्रथम आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर कसडोल (आयुष) द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला हडहापारा वार्ड क्रमांक 07 में किया गया। सर्वप्रथम वार्ड पार्षद भानु प्रताप साहू द्वारा भगवान धन्वंतरि का पूजा अर्चना कर शिविर का प्रारंभ किया गया। इसके बाद वार्डवासियों ने शिविर में उपस्थित होकर उपचार के साथ जांच कराया। शिविर की प्रभारी डॉ प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि शिविर में लगभग 482 लोगों द्वारा चिकित्सा लाभ लिया गया।



जिसमें वात रोग, संधिवात, लकवा, चर्मरोग, स्त्री रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खास श्वास, अस्थमा, उदर रोग, लीवर आदि रोगो के निदान एवं उपचार आयुर्वेद पद्धति द्वारा किया गया, साथ ही रोग प्रतिरोधक काढ़ा वितरण किया गया। चिकित्सक डॉ सविता जांगड़े, डां नंद कुमार, डां कल्याणी सिंह, डां ओम विजय, डां निधि नेताम एवं स्टाफ सरिता साहू, परमेश्वरी जायसवाल, द्वारिका पैकरा, किशन साहू, रवि मिरी, गणेश राम, थवाईत पैकरा के द्वारा सेवा दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल के पैथोलॉजी विभाग से ब्लड शुगर आदि की जांच किया गया। योग प्रशिक्षक धरमपाल साहू द्वारा योग आसन प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया गया।

इसके साथ ही शिविर प्रभारी डॉ प्रज्ञा मिश्रा ने पार्षद भानु प्रताप साहू और नीरज साहू को एक पौधा भी भेंट किया। इस दौरान आयुष विभाग, स्कूल के शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित वार्डवासी मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप



### सिमगा में लगा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर

**हथबंद** । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय नेशनल फार्मिंग के मोटिवेशनल स्पीकर नागेंद्र दुबे, कृषि विभाग बलोदा बाजार के उपसंचालक दीपक नायक, वरिष्ठ वैज्ञानिक अशोक मिश्रा, डॉ प्रदीप कश्यप सहित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिला पंचायत के उद्योग एवं सहकारिता सभापति डॉ मोहनलाल वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिमगा विकास सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज जैन, कृषि विभाग के अधिकारीगणों के साथ काफी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

### सचिव विनोद दास वैष्णव ने संभाला पदभार



**हथबंद** । आज ग्राम पंचायत हथबंद मे सचिव श्री वीरेन्द्र ध्रुव का स्थानांतरण अमेरी हो गया जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार के आदेशानुसार 16 जुलाई 2025 के परिपालन में वीरेन्द्र ध्रुव ने विनोद दास वैष्णव को ग्राम पंचायत हथबंध का प्रभार सौंपा। प्रभार प्राप्त कर कार्यभार ग्रहण किया गया, जो कि प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके। कार्य ग्रहण के बाद सचिव विनोद दास ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक मिलकर क्रियान्वयन करेंगे। पदभार ग्रहण मे मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, पंच संतोष दीवान, मुलचंद टंडन, विजय निषाद, संतराम ध्रुव, सचिव कमल किशोर साहू, वीरेंद्र धुव्र, श्रवण वर्मा, पूर्व पंच प्रकाश पाल, निलेश लहरे, रूपचंद पाटिल, उपस्थित रहे ।

## पेज 11 के शेष

### बलौदाबाजार में ...

अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। संदीप धृतलहरे उम्र (32) निवासी ग्राम परसाडीह थाना पलारी, रामकुमार बांधे उम्र (43) निवासी केसरवानी मंगल भवन के पीछे बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, नारद ध्रुव उर्फ नंदू उम्र (22) ग्राम ढाबाडीह थाना सिटी कोतवाली।

### पांच लाख की ...

न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया है। उल्लेखनीय हो कि 17 जुलाई को आबकारी विभाग की टीम ने देशी मदिरा मसाला बाजार मूल्य 75,000 एवं एक बिना नंबर वाले चार पहिया वाहन आई 20 में 750 पाव नकली अवैध मदिरा मसाला जिसकी कीमत 75 हजार रुपये है परिवहन करते दो लोगों को पकड़ा था। और आज 19 जुलाई को 106 पेटी नकली शराब का पकड़ाना निश्चित ही पुलिस विभाग की उदासीनता को दर्शाता है। अवैध काम एवं मादक पदार्थों के गोरखधंधे का मुख्य केंद्र बिंदु चौरेंगा बन गया है। आरोपियों द्वारा लंबे समय क्षेत्र में अवैध शराब डंप कर गांव गांव परिवहन किया जाता था।

### समय पर स्कूल...

लाना थोड़ा चुनौती भरा रहेगा फिलहाल नए डीईओ लगातार शिक्षकों की मीटिंग के साथ अब समय समय पर निरीक्षण करने भी जा रहे है इससे शायद जिले में लापरवाह शिक्षकों में सुधार आने की संभावना है और समय पर स्कूल पहुंचने से पढ़ाई के स्तर में भी सुधार आने की संभावना बढ़ जाएगी ।

**विरोध : वाटर जग खरीदी में अनियमितता की खबर पूरी तरह मिथ्या**

# सोशल मीडिया में भ्रामक प्रचार के खिलाफ थाना में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



नवापारा हथबंद मंडल ने सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ भ्रामक एवं झूठा प्रचार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए हथबंद थाना में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद तथा मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल के संयुक्त नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया में भ्रामक खबर पोस्ट कर सरकार की छवि धूमिल करने की शिकायत एवं कठोर कार्यवाही करने के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस के द्वारा आदिवासी विकाश विभाग द्वारा वाटर जग खरीदी में अनियमितता सम्बन्धी लेख शोसल मिडिया में प्रसारित किया गया जिसे संज्ञान में लेने पर जानकारी प्राप्त हुआ की उक्त खबर पूर्ण रूप से कपोल कल्पित, मनगढंत, मिथ्या और असत्य है। जिस क्रय आदेश का उल्लेख सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया वह 23 फरवरी 2025 को निरस्त किया जा चुका है एक निरस्त किये हुये आदेश को आधार मानकर दुर्भावनावश कांग्रेस के द्वारा सरकार की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से उक्त झूठी खबरें प्रसारित किया गया जिससे जन मानस में सरकार के प्रति विपरीत वातावरण निर्मित हुआ है झूठी बात को आधार मानकर किसी व्यक्ति अथवा संस्था की छवि को जानबूझकर धूमिल करना कानून की दृष्टि में अपराध है यही शाश्वत सिद्धांत हमारे संविधान में प्रतिपादित जिस पर दोषी व्यक्ति /संस्था के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा गया ।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, मंडल के महामंत्री ईश्वरी मारकंडे, प्रेमलता वर्मा, उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, हरीश वैष्णव, जीवन साहू, धनेश्वरी वर्मा, मंत्री कविता वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, धनी राम रजक सोसल मीडिया प्रभारी, जीतू यादव,त्रिवेणी वर्मा, गौरी निषाद, मोनू समुदे, धीरज निषाद, विष्णु निषाद, दिनेश वर्मा, राम कुमार साहू, अखिलेश्वरी शुक्ला, ओमप्रकाश वर्मा, गज्जू यादव, नेवधा सरपंच दुलेन्द्र साहू, भावेश साहू यादव भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे ।

**कांग्रेस पर सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप, कड़ी कार्रवाई की मांग**



भवानीपुर । विकासखंड पलारी थाना गिधपुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोशल मिडिया में आमक खबर पोस्ट कर सरकार की छवि धूमिल करने वाले के विरुद्ध शिकायत एव कठोर कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा रोहासी मंडल अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के द्वारा आदिवासी विकास विभाग द्वारा वाटर जग खरीदी में अनियमितता सम्बन्धी लेख सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया जिसे संज्ञान में लेने पर जानकारी प्राप्त हुआ की उक्त खबर पूर्ण रूप से कपोल कल्पित मनगडत मिथ्या और असत्य है जिस क्रय आदेश का उल्लेख सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया वह 23 फरवरी 2025 को निरस्त किया जा चूका है। निरस्त किये हुए आदेश को आधार मानकर दुर्भावनावश कांग्रेस के द्वारा सरकार की छवि धूमिल करने की उद्धेश्य से उक्त झूठी खबर प्रसारित किया गया जिससे जन गानरा में सरम्भर की छवि को जानबुझकर धूमिल करता जो कानून की दृष्टि में अपराध है यही शाशवत सिद्धांत हमारे संविधान में प्रतिपादित है जिसमें लिप्त दोषी व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जनपद पंचायत पलारी सभापति जनार्दन वर्मा, मनहरण वर्मा प्राधिकृत अधिकारी, चोखे साहू शक्ति केद्रं सयोजक, मंडल मंत्री खिलेश्वर घृतलहरे, चरण कोसल, मोकेश चंद्राकर, श्यामलाल साहू, पंचराम गायतोंडे, नंदलाल वर्मा, प्यारेलाल कोशले, भवानीपुर उपसरपंच फागूराम सेन, छन्नू नवरत्न सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# बिजली संकट पर कांग्रेस का हल्ला बोल सरसीवां विद्युत दफ्तर का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

**लो वोल्टेज की समस्या और दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न एवं जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में सरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंकज चंद्रा द्वारा बिजली न्याय आंदोलन के तहत विद्युत कार्यालय का घेराव कर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

अध्यक्ष पंकज चंद्रा ने बताया कि जब से राज्य में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से बिजली की समस्या से पूरे प्रदेश और अंचल के लोग त्रस्त हो गए हैं। ऊर्जा राज्य होने के बाद भी और सरप्लस बिजली का दावा करने वाली भाजपा सरकार जनता को बिजली सुलभ नहीं करा पा रही है सरसीवां अंचल में घंटो तक बिजली कटी रहती है। बिजली की समस्या से लोग पेयजल, उमस और मच्छरों से परेशान हैं। आए दिन अंचल में बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है और अभी हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली दर में बढ़ोतरी कर दी है इसका हम पुरजोर विरोध करते हैं जब तक बिजली समस्या बनी रहेगी तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। चंद्रा ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार छ.ग. राज्य की बिजली को दूसरे राज्यों को बिजली बेचकर मुनाफाखोरी कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकार गरीबों के साथ छल कर रही है। भाजपा सरकार बिजली दर वृद्धि के निर्णय को वापस लें और बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाएं।



**ये रहे उपस्थित**

प्रदर्शन और धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक चंद्र देव राय, घनश्याम मनहर, ब्लाक अध्यक्ष सरसीवां पंकज चंद्रा, सूरज तिवारी, गोल्डी नायक, डॉ. परमानंद साहू, दया साहू, गोपाल पांडेय, रामलाल केशरवानी, दिलीप अनंत, उतरा साहू, लता जाटवर, कुमारी यादव, बुधियारिन केवट, डेविड वर्मा, किशन बंजारे, भूषण भारद्वाज, आकाश पांडेय, रजनी बघेल, मंजु कुर्रे, राम नाथ सिदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का सब स्टेशन पुरगांव में प्रदर्शन



**गिधौरी** । भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव सरकार, ने छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर, आम नागरिकों में धीरे-धीरे करके, चौथी बार डाका डालने का काम किया है, विद्युत बिल में बेतहाशा वृद्धि कर छत्तीसगढ़ किसानों के, आम जनों के खून पसीने की कमाई में डाका डालना भारतीय जनता पार्टी सरकार की आदत बन चुकी है।

■ राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन, भाजपा पर चौथी बार 'डाका' डालने का आरोप

विद्युत बिल में न्याय दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर, पूरे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक में विद्युत विभाग कार्यालय की घेराव की जा रही है, और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है, इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विद्युत के सब स्टेशन पुर गांव के कार्यालय का घेराव किया गया, और महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन कनिष्ठ अधिकारी राणा को सौंपा गया, जहां सैकड़ो आम जन, किसान मजदूर, कार्यकर्ता गण शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाये। भागवत अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ ने कहा कि, भाजपा सरकार किसानों के साथ भेदभाव करने का काम कर रही है, डबल इंजन की सरकार कहने वाली भाजपा पार्टी उड़ीसा, छत्तीसगढ़ में धान खरीदी में भेदभाव कर रही है, खाद्य पदार्थ में जीएसटी लगाना, गैस की दर में वृद्धि, आदि अनेक क्षेत्र में किसान मजदूर को ठगने का काम कर रही हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू के साथ सुजीत जायसवाल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बिलाईगढ़, तेजस्वी साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष पुरगांव, अहमद खान छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस सह सचिव सोशल मीडिया, गोपाल साहू, सूरज टंडन, शिवेंद्र डडसेना, रामेश्वर जायसवाल, संतोष साहू, विजय नवरत्न, गोपी भारती, अमन साहू, नरेंद्र साहू, संजय, महावीर, राकेश, राजा, रामकिसून, बबलू यादव, सुरेश यादव, पिंटू, गिरधर यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता, आमजन, शामिल होकर सहयोग प्रदान किए।

# स्वच्छता सम्मान मिलने पर डिप्टी सीएम अरूण साव का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागृत करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एवं सपनों को साकार करते हुए स्वच्छता परमो धर्मः के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए देश के स्वच्छता सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को स्वच्छता पुरस्कार मिलने पर छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुभकामनाएं दी गई एवं दिल्ली में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के हाथों पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर प्रथम रायपुर आगमन पर माना स्थित विवेकानंद विमानतल रायपुर में नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का पुष्पगुच्छ भेंट कर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अभिनन्दन किया गया, इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षद गण व मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में नगरीय निकायों की उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा बधाई दी व ऐसे ही आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर बलोदा बाजार भी स्वच्छता की क्षेत्र में अहम भागीदारी निभाएगी व नगर वासियों के सहयोग से नगर को भी सम्मान प्राप्त होगा इसके लिए स्वच्छता के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के लिए नगरवासी नगर पालिका को सहयोग प्रदान करने की अपील भी की गई, स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम मे नगर बलौदाबाजार के मणिकंचन केंद्र में कार्यरत स्वच्छता दीदियों के द्वारा भी विमानतल पर स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुये।



### बैंक ऑफ बड़ौदा का संतृप्ति अभियान

**कसडोल**। शुक्रवार को नगर पंचायत कसडोल में बैंक ऑफ बड़ौढा में चल रहे संतृप्ति अभियान के तहत वार्ड नं 7, हड़हापारा में शिविर लगाया गया। जिसमें वार्ड पार्षद भानु प्रताप साहू, नीरज साहू, शाखा प्रबंधक एवं बीसी कॉर्डिनेटर राजेश कुंटिया, बीसी संचालक रविकांत भारती, श्रीमती पुष्पा साहू सहित वार्ड के आम नागरिक शामिल हुए। आपको बता दे कि संतृप्ति अभियान के तहत ग्राहकों को शाखा प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित आरडी, एफडी के अलावा लोन संबंधित जानकारी दिया गया। इस दौरान मौके पर ही कई ग्रामीणों का खाता ओपन किया गया साथ ही बीमा भी किया गया।

# नपाध्यक्ष ने किया शेड निर्माण का भूमिपूजन



**बलौदाबाजार** । स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बालक शाला में टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना करते हुए कुदाल चला कर पूजन व श्रीफल तोड़ा गया एवं भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, प्राचार्य कौर मैडम, कुसुम बंजारे मैडम सहित भाजपा कार्यकर्ता, अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूल के विद्यार्थीगण उपस्थित थे, 15 लाख की लागत से निर्मित होने वाले शेड निर्माण कार्य से स्कूल को एक सुरक्षित आहाता मिलेगा, साथ ही बच्चों को राहत मिलेगी वह इनडोर खेलकूद कार्यक्रम के साथ अन्य समारोह के आयोजन में भी शेड के नीचे कार्यक्रम किए जाने की सुविधा मिलेगी।

**28 रंग-बिरंगे स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र**

# सावन मेले में छलका उत्साह, ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने किया शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सर्वब्राह्मण समाज महिला विंग द्वारा पंडित वाल्मीकि शुक्ल स्मृति विप्र वाटिक में दो दिवसीय सावन मेले का आयोजन किया गया था इसमें मुख्य अतिथि के रूप में दीप्ति दुबे और विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे उपस्थित थे अतिथियों के साथ समाज के वरिष्ठ नागरिक सुरेश चंद द्वेदी, रमाकांत झा, पूर्व कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला सुशील तिवारी, नरेंद्र शुक्ला पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित थे ।

सावन मेले में लगभग 28 स्टाल लगे जिसमें फूड स्टॉल भगवान के कपड़े राखियां बस्तरिया आर्ट सजावट का सामान आर्टिफिशियल ज्वेलरी कपड़ों की स्टाल साड़ियां सूट और कोसा साड़ी के स्टॉल जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा दो दिवसीय मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि दीप्ति दुबे ने सावन मेले के आयोजन की सराहना करते हुए आयोजन कर्ताओं को शुभकामनाएं दी । ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टाल लगाए गए थे, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे लोगों ने उनके स्टॉल में रखें व्यंजनों की खूब तारीफ की एवं उनके व्यंजनों को खाकर लुफ्त उठाया।

**ये रहे उपस्थित**

सावन मेले के दौरान राजेश द्विवेदी प्रमोद शुक्ला, राजा तिवारी, मनोज दुबे, पीयूष मिश्रा, आर्यन शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, महिला समाज के अध्यक्ष ऋचा द्विवेदी, अलका शर्मा, श्रद्धा दुबे, सरस्वती तिवारी, प्रभा तिवारी, समाज के संरक्षक डॉक्टर निशा झा, पूर्व महिला अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, मंजू मिश्रा, तारा वाजपेई, आरती दुबे, मनीष शुक्ला, स्वती मिश्रा, स्वाति पांडे, सपना पांडे, सुष्मिता शुक्ला, युक्ति बाजपेई, पूनम शर्मा प्रेमलता तिवारी, कमला दुबे, बबली दुबे, शशि शुक्ला, ममता शुक्ला, अनामिका मिश्रा, मनोरमा वाजपेई, रोशनी शुक्ला, अंजना शर्मा, अनुभा बाजपेई, ममता शर्मा, रेखा शर्मा, शम्मी त्रिवेदी, आदि उपस्थित रहे ।

**आवश्यकता है**

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु भाटापारा शहर में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000

दिनांक - 19 जुलाई से 22 जुलाई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

Resume Whatsapp करें

98271-66722
99262-91392

आयुष न्यूज एजेंसी
जयस्तंभ चौक, भाटापारा (छ.ग.)

# कार्यशाला टीम वर्क से हर काम आसान होता हैं : हिमांशु

## जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश, रचनात्मक कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

विकास खंड तिल्दा नेवरा में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक एवं रचनात्मक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जेबी इंटरनेशनल स्कूल शिरवे के सभागार में संपन्न हुआ। इसके पूर्व शासकीय हाई स्कूल तुलसी के प्राचार्य एस पी वर्मा के सेवानिवृत कार्यक्रम में तिल्दा विकास खंड के समस्त प्राचार्य एवं समन्वयकगण उपस्थित होकर भाव पूर्ण विदाई भी दी गई।

- सेवानिवृत्त प्राचार्य एस.पी. वर्मा को भावभीनी विदाई



### टीम वर्क से ही होगा बदलाव

शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों को टीम वर्क के साथ ही पूरा किया जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में कैसे गुणात्मक एवं रचनात्मक सुधार ला सकते हैं सविस्तार जानकारी दिया। यही नहीं अपितु प्राचार्यों एवं समन्वयकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान पूर्वक हल किया। कार्यशाला प्रारंभ हो इनके पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत विकास खंड तिल्दा के शिक्षा अधिकारी आर पी दास ने किया, डी एम सी पटले का स्वागत सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे ने किया, बी आर सी एस के शर्मा में ये डी पी ओ इंदिरा गांधी का स्वागत किया। प्राचार्य प्रतिनिधि के रुप में चित्ररेखा ध्रुव एवं सन्तोष शर्मा में किया। समन्वयक संघ के अध्यक्ष कैलाश बघेल ने अभिनन्दन किया।

एसपी वर्मा के द्वारा स्नेह सम्मेलन एवं प्रीति भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला रायपुर के शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, डी एम सी के एस पटले, ए डी पी ओ इंदिरा गांधी विशेष रूप से शिरकत किए।

मध्याह्न दो बजे से ग्राम शिरवे स्थित प्रसिद्ध जे बी इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने तिल्दा विकास खंड के समस्त प्राचार्यों एवं समन्वयकों का कार्यशाला आयोजित था जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कार्यशाला को लगातार ढाई घंटे तक संबोधित करते हुए बिंदु वार बात रखी।

### व्यवस्थित आयोजन, शत-प्रतिशत रही उपस्थिति

उक्त अवसर पर जे बी इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य ममता एरी विशेष रूप से मौजूद थी। कार्यशाला का मुख्य विषय प्रोजेक्ट उत्कर्ष, हरियर पाठशाला, निपुण भारत अंतर्गत कार्यक्रम पढ़े रायपुर लिखे रायपुर, कैरियर मार्गदर्शन, विजय भव, प्रोजेक्ट घंटी, यू शेप, कैरियर गुरु, पुस्तकालय, प्रोजेक्ट आंगन, प्रोजेक्ट छांव, प्रोजेक्ट उद्घोष, पुस्तक स्कैनिंग आदि विषयों पर आधारित था। कार्यशाला के आयोजन में समन्वयक तरपोंगी कौशल प्रसाद वर्मा एवं स्थानीय समन्वयक हिमाचल चौबे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि समन्वयक ऋषि कुमार वर्मा बईगा ने किया। विशेष उल्लेखनीय यह है कि उक्त कार्यशाला में कोई भी प्राचार्य एवं समन्वयक अनुपस्थित नहीं थे। मंच पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आर पी दास के साथ सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे, बी आर सी, संतोष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शाला प्रबंधन समिति का हुआ गठन

**भाटापारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहा मे शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें रामजी निषाद (जनपद सदस्य) अध्यक्ष व संतोष साहू (सरपंच प्रतिनिधि) उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए। प्रधानपाठक सुरेश डांडेकर ने मनोनीत सभी पदाधिकारियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### वटगन विद्यालय में हुआ छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह



**पलारी।** पलारी शासकीय उच्च मा विद्यालय वटगन में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ मुख्य अतिथियों एवं शिक्षको के द्वारा छात्र संघ के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शास प्राथमिक शाला के छात्र संघ और पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र संघ के सदस्य साथ ही वटगन हायर सेकेण्डरी के छात्र संघ के सदस्य शाला नायक अर्जुन कुर्रे, उप शाला नायक आरती यादव, किरण वर्मा, इच्छा घृतलहरे, तृप्ति पटेल, जित्तू बंजारे सहित सभी सदस्यों ने शपथ लिए। मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया, जिसमे अतिथियो का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच बाबूलाल बंजारे ने कहा प्राथमिक पूर्व माध्यमिक हायर सेकेण्डरी के छात्र संघ के बच्चे एक ही मँच पर शपथ लिया ये अच्छी बात है, इससे नवनिर्वाचित पदाधिकारी विद्यार्थियों के बेहतर के लिए काम करने मे मदद मिलेगी। इस दौरान शाला विकास समिति अध्यक्ष महेंद्र महिलांग, पूर्व माध्यमिक विष्णु पटेल प्राथमिक प्र.पा. एम एल ध्रुव, पू मां प्र.पा. के एन गोयल, प्राचार्य एच के वर्मा, व्याख्याता बी एल ढीढ़ी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, टी के साहू, भूपेंद्र वर्मा, समन्वयक वी एन मँाडले सहित समस्त शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से बाइक चोरी

**महासमुंद।** रमनटोला स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सचिन कुमार चंद्राकर ने बताया कि 13 जुलाई को उसने अपने मोटर सायकल केटीएम 200 ड्यूक क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3167 को अपने घर के नीचे रखा था, जिसे रात में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया।

## निधन

### गोमती साहू

**पलारी** । चरौदा निवासी गोमती साहू 37 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की । वे गोवर्धन साहू के पुत्री व नरेन्द्र, बलराम के बड़ी बहन व वेद प्रकाश साहू के बुआ थी ।



## विरोध : कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई को बताया राजनीतिक द्वेष, जताया विरोध

# ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ बलौदाबाजार में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफ ईडी द्वारा की जा रही कार्यवाही के विरोध में स्थानीय अंबेडकर चौक में ईडी का पुतला दहन किया गया।

- अंबेडकर चौक में लगे नारे- लोकतंत्र की हत्या बंद करो

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ईडी जैसे संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को झूठे मामलों में फंसा रही है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने इसे राजनीतिक द्वेष से प्रेरित कार्यवाही बताया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी हाय-हाय, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, भूपेश बघेल के खिलाफ साजिश नहीं चलेगी जैसे नारों से चौक को गुंजायमान कर दिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किए गए इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### ये रहे उपस्थित

प्रमुख रूप से उपस्थित नेताओं में सुरेंद्र शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, विद्याभूषण शुक्ला, सुशील शर्मा, परमेश्वर यदु, हितेंद्र ठाकुर, राकेश वर्मा, सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, लखेश साहू, योगेश बंजारे, राजा तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, अश्वनी वर्मा, समीर अग्रवाल, पदमेश्वरी साहू, रूपेश ठाकुर, धर्मेंद्र वर्मा, सलमान शेख, मनीष चंद्रकार, रोहित साहू, दयाराम वर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, गणेश शंकर साहू, आर्यन शुक्ला, शैलेन्द्र बंजारे, दीपक साहू, रविन्द्र डिगेश्वरी नामदेव, कमल पटेल, देवेंद्र बंजारे, प्रवीण सेन, अर्जुन सेन, प्रेमलता बंजारे, सुखदेव साहू, सूर्यकांत वर्मा, अजय भारती, जय सिंह ठाकुर, राहुल पांडेय, जय ठाकुर, जय बाघमार सहित अनेक कांग्रेस जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्रः हितेन्द्र

**बलौदाबाजार** । पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ की गई ईडी की कार्यवाही को कांग्रेस ने भाजपा का राजनैतिक षड़यंत्र बताया है। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़ की संपदा को लूटने वालो तथा छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाने वालों की लड़ाई है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार राज्य के जल, जंगल, जमीन सहित खनिज संपदा कोयला की खदानें तथा आयरन ओर की खदानें अडानी को सौंप रही है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर मुखर विरोध कर रही है। तमनार में अडानी समूह के इशारे पर जंगल की कटाई की जा रही है जिसका कांग्रेस ने विरोध किया। भूपेश बघेल एवं विधायक साथी उस कटाई का विरोध करने गये थे। भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के विधायक तमनार वन कटाई के मामले को विधानसभा में उठाने वाले थे इसलिए अडानी के इशारे पर ईडी ने भूपेश बघेल के यहां छापेमारी किया उनके पुत्र को षड़यंत्र पूर्वक गिरफ्तार किया।



#### गिरफ्तारी को बताया राजनीतिक प्रतिशोध

जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि ईडी की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर पहुंचना तथा उनके पुत्र की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफ दिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी अब हर षड़यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा। भाजपा और अडानी के संगठित लूट को कांग्रेस बेनकाब करेगी।

## स्वच्छता के लिए 31 वार्डों में होंगे नुक्कड़ नाटक

**भाटापारा।** नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में भाटापारा में सफाई व्यवस्था को लेकर एक नई पहल की जा रही है। नगर पालिका परिषद अब 31 वार्डों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करेगी। इस जागरूकता अभियान की शुरुआत 20 जुलाई से की जाएगी। इस संबंध मे नगरपालिका परिषद के स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि आम लोगो से यही अपील है यह नगर आपका है इसे स्वच्छ साफ रखें और कोई भी कचरा बाहर न डालें कचरे की गाडी नियमित रूप से सुबह से लेकर रात तक पूरे शहर मे घूमती है आम नागरिकों से अपील है की अपने घरो व दुकानो का कचरा कचरा गाडी मे ही डालें । आगे तलरेजा ने कहा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा कि किसी भी प्रकार से सडक नाली मे कचरा न डालें क्योंकि इससे गंदगी पसरती है जो आम लोगो के स्वास्थ्य के लिए ठीक नही है इसलिए कचरा इकट्ठा कर कचरे गाडी मे ही डालें दूसरी ओर सबसे प्रमुख बात यह है कि सघन इलाके मे जहां लोग गाड़ी में कचरा डालने की बजाय वे सडक या नाली या फिर किसी अन्य स्थान पर कचरे का ढेर बना देते है ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हे पालिका की ओर से नोटिस जारी किया जायेगा।

## बच्चों को दी गई सर्पदंश से बचाव की जानकारी

**खरोरा** । विकासखंड तिल्दा नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में "मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम" के अंतर्गत "सुरक्षित शनिवार" का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सर्पदंश एवं बिच्छू के दंश से होने वाले खतरों और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर बच्चों को इन विषैले जीवों के काटने पर प्राथमिक उपचार, समय पर अस्पताल पहुंचने की आवश्यकता, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सावधानी बरतने जैसे विषयों पर सरल व व्यवहारिक जानकारी दी गई।





कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने आपातकालीन स्थिति में धैर्य और सूझ-बूझ से काम लेने की सलाह दी।

### विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ सत्र

तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे और भारती तांती का सराहनीय योगदान रहा। उनके प्रयासों से यह आयोजन ज्ञानवर्धक और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ। विद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी व्यवहारिक शिक्षा दी जा रही है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है।

## बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस जवानों के लिए आयोजित किया गया इंट्रो टॉक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पुलिस कम्युनिटी हॉल पुलिस लाइन बलौदाबाजार में पुलिस जवानों के लिए इंट्रो टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा पुलिस जवानों से उनकी दैनिक कार्यों, समस्याओं आदि के बारे में सीधे संवाद कर जानकारी लिया गया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से सेवानिवृत प्राचार्य केसरवानी एवं किरण वर्मा द्वारा पुलिस जवानों को योगाभ्यास एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने समस्त पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने दैनिक दिनचर्या में ध्यान एवं योग को आवश्यक रूप से शामिल करें तथा अपने फिटनेस पर भी विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही उनके द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस जवानों को अपने शरीर का भी विशेष ध्यान रखते हुए पूरी तन्मयता एवं तत्परता के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान इंट्रो टॉक कार्यक्रम में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा जिले के थाना एवं पुलिस कार्यालय के पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।





## डीईओ से स्काउट संघ ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बलौदाबाजार के पदाधिकारियों एवं स्काउटर गाइडर द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त (स्काउट) संजय गुहे का स्वागत स्कार्फ एवं बुके देकर किया गया एवं स्काउटिंग गतिविधियों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड दल का गठन, राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण, राज्य पुरस्कार जाँच शिविर पूर्वाभ्यास शिविर, तृतीय सोपान जाँच शिविर, जिला रैली आदि विषय पर चर्चा की गई।



मुलाकात के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं स्काउटर गाइडर द्वारा परिचय दिया गया। इस अवसर पर जिला संघ बलौदाबाजार के कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार पटेल, राज्य मुख्यालय आयुक्त (गाइड) एवं जिला आयुक्त (गाइड) वंदना तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, नीरज बाजपेयी, लीडर ट्रेनर खोडस राम कश्यप, आर के वर्मा, के आर कैवर्त्य, एम डी मानिकपुरी, डा.राधेश्याम पटेल, नरेश भट्टर, जिला सचिव जगदीश हीरा साहू, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, रजनीकला पाटकर, विकासखण्ड सचिव चूड़ामणि वर्मा, जे आर बारले, संजीव पटेल, स्काउटर दिनेश साहू, नरेन्द्र वर्मा, कीर्तन दास मानिकपुरी, सनत खरे, नरेन्द्र साहू, धनेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## व्यवहारिक प्रशिक्षण में त्रुटियों पर ध्यान देने के निर्देश

# कलेक्टर ने फिल्ड पर उतरकर किया डिजिटल क्रॉप सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ सीजन 2025 में किसानों के द्वारा अपने खेतों में लगाए गए फसल और भूमि के सटीक सर्वेक्षण के लिए जिले में राजस्व अधिकारियों क़ो डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार क़ो तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाभदेऱ में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यवहारिक प्रशिक्षण जिलेभर के आरआई व पटवारियों क़ो दिया गया। कलेक्टर दीपक सोनी डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रशिक्षण का जायजा लेने परसाभदेर पहुंचे। उन्होने किसान रामनारायण साहु के खेत में जाकर खसरा नंबर 251 में लगी फसल का मोबाइल एप्प के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया।



कलेक्टर सोनी ने प्रशिक्षण में उपस्थित आरआई और पटवारियों क़ो व्यवहारिक प्रशिक्षण गंभीरतापूर्वक पूरा करने कहा ताकि सर्वे एवं गिरदावारी में कोई त्रुटि न हो। उन्होने कहा कि डिजिटल सर्वे बहुत ही सिस्टमेटिक है। सर्वे क़ा कार्य खसरे पर जाकऱ ही करना है। किसी भी प्रकार क़ी त्रुटि के लिए अनुमोदनकर्ता क़ी जिम्मेदारी होगी। खेत की रैण्डमली जांच करें कि खेत के आसपास शेड, कुआँ आदि है या नहीं।

धान के अलावा अन्य फसल लगी हो तो उसकी एंट्री करें। उन्होंने हर गांव में सर्वेयर का चयन करने के लिए तहसीदारों क़ो निर्देशित किया। बताया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए सभी तहसीलों के आरआई व पटवारियों का 17 टीम बनाया गया था। सर्वे के लिए सभी टीम क़ो जमीन का खसरा नंबर आवंटित किया गया था जिसके अनुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे मोबाइल एप्प से किया गया।

### जिले में 1 अगस्त से शुरु होगा फसल गिरदावरी का कार्य

गौरतलब है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एक ऐसी प्रणाली है जिसमें फसल और भूमि के सटीक सर्वेक्षण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इस सर्वे में स्थानीय युवाओं को सर्वेयर के रूप में शामिल किया जाता है, जो फसल की तस्वीरें लेते हैं और उन्हें पोर्टल पर अपलोड करते हैं।इस दौरान अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता सहित तहसीलदार, आरआई व पटवारी उपस्थित थे।

